प्रकाशनार्थ/प्रेस विज्ञप्ति

गोरखपुर 15 मार्च । गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक द्वारा गुरुद्वारा जटा शंकर के तत्वाधान में धर्मशाला पुलिस चौकी , गोरखपुर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गोरक्षनाथ ब्लड बैंक का रक्तवाहन (डोनेशन वैन) पूरी साज सज्जा के साथ रक्तदान स्थल धर्मशाला पर उपस्थित था। इस शिविर में गुरुद्वारा और गोरखपुर की आम जनता ने रक्तदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के मुख्य टेक्निशीयन राजीव तिवारी ने रक्तदान शिविर मे महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति जो 18 से 65 वर्ष उम्र का हो और जिस व्यक्ति का हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम से उपर, वजन 45 किलोग्राम तथा रक्तचाप 120/80 आवश्यक है। स्वास्थ्य जाॅच के बाद रक्तदान किया जाता हैं। समाज मे फैले विभिन्न प्रकार के भ्रांतियो को दूर करने का प्रयास किया गया।

ब्लड बैक की काउन्सलर श्रीमती शोभा राय ने रक्तदाताओ से व्यक्तिगत संवाद करते हुए उन्हे भविष्य मे प्रत्येक तीन माह के अन्तराल पर रक्तदान करने की अपील की एवं लाभ बताया की रक्तदान से कुछ भी नुकसान नहीं होता अपितु लाभ होते है, जैसे रक्तचाप सामान्य रहता है, हृदयघात मे कमी आती है इत्यादि। शिविर मे रत्नेश तिवारी नविन भल्ला गुलमोहर सराफ़ कुलदीप सिंह रघुबंश हिन्दू फारुख जमाल कुलदीप कुमार धीरज श्रीवास्तव भानु प्रकाश डॉ रूप कुमार बनर्जी हृदेश पूरी रीता मिश्रा डॉ अजय पाण्डेय धर्मेन्द्र विश्वकर्मा दयावीर यादव अरविंदर सिंह सहित लगभग 30 लोेगो ने रक्तदान किया।

रक्तदान शिविर मे गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के मेडिकल आफिसर डा0 एस के सिंह ने सभी रक्तदाताओ का स्वास्थ्य परिक्षण किया। ब्लड बैंक के पंकज कुमार एवं चांदनी गिरी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक के प्रभारी डा0 अवधेश अग्रवाल के कुशल निर्देशन मे किया गया।